<u>2. मैं तितली हूँ</u>

२) नीचे दिए गए शब्दों को शुद्ध करके लिखिए -

१) बगीया	-	बगिया
२) केचूँआ	-	केंचुआ
३) अगँड़ाई	-	अँगड़ाई
४) चमकिले	-	चमकीले
५) पीओगी	-	पिओगी
६) ढ़ेर सारा	-	ढेर सारा

३) रेखा खींचकर वाक्य पूरे कीजिए -

क) जब मैं अंडे से बाहर निकली	रोटी-सब्जी खाते हैं ।
ख) मेरी पीठ पर चमकीले रंग-बिरंगे	तो मुझे बहुत भूख लगी ।
ग) जब मैं उड़ते-उड़ते थक गई तो	पंखो का जोड़ा था ।
घ) आप अब बड़े हो गए हैं तो	एक लाल फूल पर जा बैठी

४) कौन कैसा था? रेखा खींचकर मिलाइए -

क) तितली	हरा
ख) इल्ली	रंग बिरंगी
ग) फूल	लिजलिजी
घ) पत्ता	सुंदर

<u>भाषा बोध</u>

(१) पढ़िए, समझिए और वाक्य पूरे कीजिए -

पीना , पीती , पीता, पीते,

(क) तितली फूलों का रस <u>पीती</u> है ।

(ख) छोटा बच्चा दूध <u>पीता</u> है ।

(ग) बच्चे सूप <u>पीते</u> हैं ।

(घ) मुझे फलों का रस <u>पीना</u> है ।

(२) उलटे अर्थवाले शब्द रेखा खींचकर मिलाइए -

१)मुश्किल	छोटी	(२)धीरे	पतली
३) बाहर	आसान	(४)हँसना	जल्दी
५)बड़ी	हलका	(६)मोटी	बड़ा
७)भारी	अन्दर	(८) छोटा	रोना

(3) उदहारण के अनुसार वाक्य बदलिए -

(१) मेरी छोटी बहन स्कूल में पढ़ती है ।

- मेरी छोटी बहन स्कूल में पढ़ने लगी ।

(२) मैं सुबह दौड़ता हूँ ।

- मैं सुबह दौड़ने लगा ।

(३) अब वह दूध पीता है ।

- अब वह दूध पीने लगा ।

(४) तुम्हारा भाई सच बोलता है ।

- तुम्हारा भाई सच बोलने लगा ।

गृह कार्य

➢ जिस तरह तितली ने अपना परिचय दिया उसी तरह आप भी अपना परिचय दीजिए ।

अपना फोटो चिपकाइए

- मेरा नाम _______________ है ।
- मैं ______________ साल का/ की हूँ ।
- मैं ______________ कक्षा में पढ़ता/ पढ़ती हूँ ।
- मेरे स्कूल का नाम ___________________ है ।
- मेरी माँ का नाम _____________ है ।
- मेरे पिताजी का नाम ______________ है ।
- मेरा प्रिय पकवान _______________ है ।
- मेरा प्रिय खेल ______________है ।

मौखिक अभिव्यक्ति

1. नीचे दी गई कविता याद कीजिए और हाव-भाव के साथ कक्षा में सुनाइए।

तितली रानी! तितली रानी!
फूल-फूल पर जाती हो।
मीठा-मीठा रस पी-पीकर
गुनगुन-गुनगुन गाती हो।

रंग-बिरंगे पंख सजीले
इन्हें कहाँ से लाई हो?
बड़ी भली हो तितली रानी,
इस बगिया में आई हो।
फूल-फूल पर, कली-कली पर,
उड़-उड़कर तुम जाती हो।
अपने कोमल पंखों से तुम
उन सबको सहलाती हो।
तितली रानी! तितली रानी!
तुम नित बगिया में आना।
लाल, गुलाबी, नीले, पीले,
अपने पंख दिखा जाना॥